# जनपद शामली पुलिस

## --सोशल मीडिया सेल शामली--

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक-16.06.2025**

**थाना थानाभवन पुलिस द्वारा 01 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गयी नगदी व सामान बरामदः-**

ज्ञात हो दिनाँक 13.05.2025 की रात्रि में थाना थानाभवन क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मुल्लापुर नीटू पुत्र स्व0 करम सिंह उर्फ करमा के घर अज्ञात चोर द्वारा नगदी व सामान चोरी कर लिया गया था। घटना के सम्बन्ध में वादी नीटू उपरोक्त की तहरीर के आधार पर अज्ञात अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना थानाभवन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 16.06.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग व चोरों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल पर्यवेक्षण में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा 01 चोर को चोरी की गयी नगदी व सामान सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.गुलबहार पुत्र हनीफ निवासी ग्राम भैंसानी इस्लामपुर थाना थानाभवन जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.नगदी 10,000/- रुपये व खाली पर्श, आधार कार्ड की छाया प्रति आदि।



**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा सट्टा लगाते हुए 01 जुआरी गिरफ्तार, कब्जे से डायरी, पैन व नगदी बरामदः-**

आज दिनांक 16.06.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी झिंझाना के निकट पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर 01 जुआरी को सट्टा लगाते हुये सट्टा डायरी, पैन व नगदी 610/- रुपये सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.दीपक पुत्र श्लेकचन्द निवासी मौहल्ला आर्यपुरी कस्बा ऊन थाना झिंझाना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.नकदी 610/- रुपये।

2.पैन व सट्टा डायरी।




**SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI**